पाक्षिक



# खबर आस पास


भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी  मो. 9587570001  Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1  अंक : डिजिटल  बीकानेर : सोमवार 07 सितम्बर 2026  पृष्ठ : 4  मूल्य : 1.00 रुपया


## जेल में मोबाइल पर बात करता दिखा बंदी, साथी को छिपाने के लिए दिया



**जयपुर।** जयपुर सेंट्रल जेल में बंदियों के मोबाइल इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। जेल के वार्ड नंबर-5 की बैरक संख्या-9 में बंद एक बंदी को मोबाइल पर बात करते हुए सीसीटीवी कैमरे में देखा गया। कॉल खत्म करने के बाद उसने मोबाइल दूसरे बंदी को छिपाने के लिए दे दिया। जेल प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाशी लेकर मोबाइल बरामद कर लिया। मामले में दोनों बंदियों के खिलाफ लालकोठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सहायक उपनिरीक्षक सूरजमल ने बताया कि जेल प्रहरी देशराज मीणा (30) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार वार्ड नंबर-5 की बैरक संख्या-9 में बंदी विष्णु सांसी के पास से तलाशी के दौरान मोबाइल बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि इस मोबाइल का इस्तेमाल बंदी शिवराज गुर्जर ने किया था।जेल प्रशासन बैरक में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी कर रहा था।

# सीएम भजनलाल बोले- सलाह देने वाले पहले अपना समय देखें

### अजमेर रोड शो में कांग्रेस पर निशाना, कहा- कई नेताओं को अपने समय का भ्रष्टाचार नहीं दिखता; सरकार का दावा–1.89 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और साढ़े 4 लाख से अधिक को निजी क्षेत्र में रोजगार




**अजमेर।** अजमेर में रविवार को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई नेताओं का गणित कमजोर है। कई ऐसे 'जादूगर' हैं, जिन्हें अपने समय का भ्रष्टाचार दिखाई नहीं देता और वे सरकार को सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी सलाह अपने पास रखे, चुनाव में उनका 'बैंड बजाकर रहेंगे। रोड शो के समापन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। निकायों में तीसरा इंजन जुड़ने से विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने रोड शो में जुटी भीड़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में हुए विकास पर जनता के विश्वास का प्रमाण बताया।

#### युवाओं को रोजगार देने का दावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के समय चार लाख सरकारी और छह लाख निजी रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था। अब तक 1 लाख 89 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। वहीं साढ़े 4 लाख से अधिक लोगों को निजी क्षेत्र में रोजगार देने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए लगातार काम कर रही है।

#### तीसरे इंजन से विकास को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ निकायों के माध्यम से भी लोगों तक पहुंचता है। ऐसे में यदि निकायों में भाजपा की सरकार बनती है तो डबल इंजन के साथ तीसरा इंजन भी जुड़ जाएगा। इससे शहरों में विकास कार्यों को और गति मिलने का दावा उन्होंने किया।

#### कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र

रोड शो की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय नगाड़ा वादक नाथूराम सोलंकी की टीम की प्रस्तुति से हुई। साधु-संतों ने मंत्रोच्चार भी किया। केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश बढ़ाना, भाजपा नेता अरुण चतुर्वेदी, विधायक अनीता बघेल और जिला अध्यक्ष रमेश सोनी चैतन्य समेत कई नेता मौजूद रहे।


रोड शो के दौरान शहर में यातायात डायवर्ट किया गया और सुरक्षा के लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए। समापन के बाद मुख्यमंत्री मेरवाड़ा स्टेट होटल पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत से चुनाव मैदान में जुटने का आह्वान किया।

#### अजमेर में 80 सीटों पर 360 प्रत्याशी

अजमेर नगर निगम के 80 पार्षद पदों के लिए 360 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के 79 और कांग्रेस के 77 उम्मीदवार हैं, जबकि 204 प्रत्याशी अन्य दलों और निर्दलीय हैं। 10 वार्डों में सीधा मुकाबला है, जबकि 18 वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबला बताया गया है। कांग्रेस के 47 और भाजपा के 19 बागी भी चुनाव मैदान में डटे हैं। वार्ड संख्या 12 में सबसे ज्यादा 52 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## दिल्ली में पांच मंजिला इमारत गिरी, कई छात्र मलबे में दबे

### पीजी में रहते थे दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक पांच मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। इमारत में पीजी संचालित हो रहा था और यहां बड़ी संख्या में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र रहते थे। हादसे के समय कई छात्र अपने कमरों में मौजूद थे। शुरुआती जानकारी के अनुसार, कुछ लोग मलबे में दबे हैं, हालांकि उनकी संख्या अभी स्पष्ट नहीं है।हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ लोगों ने हथौड़ों की मदद से मलबा हटाकर दबे लोगों को निकालने की कोशिश की। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब छह से आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आधिकारिक तौर पर मलबे में फंसे लोगों की संख्या की पुष्टि अभी नहीं हुई है। इमारत गिरने से नीचे खड़े कई वाहन भी मलबे की चपेट में आ गए। संकरी गली होने के कारण बचाव दल को मौके तक पहुंचने और मलबा हटाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों को हटाकर बचाव दल के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। मलबे के पास मौजूद एक अन्य इमारत के भी क्षतिग्रस्त होकर गिरने की आशंका बताई गई है। एहतियात के तौर पर वहां मौजूद लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में इमारत गिरने की संभावित वजहों के तौर पर बेसमेंट के लिए चल रही खुदाई, कमजोर पिलर, निर्माण के दौरान ढांचे में बदलाव और पहले से कमजोर इमारत का जिक्र किया गया है। हालांकि हादसे की वास्तविक वजह की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। बताया जा रहा है कि इमारत के नीचे बेसमेंट बनाने का काम चल रहा था। आशंका है कि खुदाई के कारण नींव पर अतिरिक्त दबाव पड़ा हो। एक प्रत्यक्षदर्शी ने नीचे के पिलरों के कमजोर होने की बात भी कही है। सत्य निकेतन दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के पास स्थित प्रमुख छात्र इलाका है। यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी पीजी और छात्रावासों में रहते हैं। आसपास वेंकटेश्वर कॉलेज, आर्यभट्ट कॉलेज, मोतीलाल नेहरू कॉलेज और मैत्रेयी कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थान हैं। इलाके में दिनभर छात्रों की आवाजाही रहती है। हालांकि सत्य निकेतन में कुल कितने विद्यार्थी पीजी या छात्रावासों में रहते हैं, इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल और आपदा प्रबंधन से जुड़े दल मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोग भी बचाव अभियान में सहयोग कर रहे हैं। मलबे में दबे लोगों की तलाश और सुरक्षित निकासी के लिए अभियान जारी है।

## जिनेवा में गूंजी जयपुर की 12 वर्षीय बेटी की आवाज



**जयपुर।** जयपुर की 12 वर्षीय मैक्सिमा पूनिया ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित पैलेस डेस नेशंस में आयोजित 'समिट फॉर चेंज' में भारत की आवाज को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। विभिन्न देशों के राजनयिकों, प्रतिनिधियों, नीति विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय पेशेवरों के बीच मैक्सिमा ने बच्चों के नजरिए से भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने विचार रखे। वह सम्मेलन की सबसे कम उम्र की प्रतिनिधि बनीं। मैक्सिमा ने औपचारिक सत्रों में बच्चों के दृष्टिकोण को वैश्विक चर्चा का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि भविष्य से जुड़े फैसलों में बच्चों को केवल आने वाली पीढ़ी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि वे आज की दुनिया के भी हिस्सेदार हैं। उनका जोर इस बात पर रहा कि बच्चों के जीवन और भविष्य को प्रभावित करने वाले निर्णयों में उनकी सोच, अनुभव और आवाज को भी महत्व मिलना चाहिए। उनके अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने को राजस्थान के लिए भी महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जिनेवा में मैक्सिमा ने भारत की उस सोच को सामने रखा, जिसमें तकनीकी प्रगति के साथ संवेदना और मानवता को भी समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने भारतीय दर्शन की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना के जरिए दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का संदेश दिया।

### जमकर बरसे बादल : धौलपुर-दौसा में मकान ढहे

## सवाई माधोपुर के खंडार में 102 मिमी बारिश, 8 सितंबर तक जारी रह सकता है बरसात का दौर

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रविवार को भी प्रदेश के 20 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया। दौसा के महवा में देर रात से हुई बारिश के कारण घरों-दुकानों में पानी भर गया और खेत जलमग्न हो गए। धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर एक ही रात में करीब आठ मीटर बढ़ गया। मांगरोल में बारिश के कारण एक पक्का मकान ढह गया। हालांकि हादसे के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था। दौसा के महवा क्षेत्र में लगातार बारिश से हालात बिगड़ गए। कई इलाकों में जलभराव के साथ फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। धनतुरी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब पांच साल पहले बने मकान के दो कमरे रविवार को बारिश के दौरान ढह गए। घटना के समय परिवार का कोई सदस्य कमरे में मौजूद नहीं था। महवा में शनिवार रात भी बारिश के कारण एक मकान के दो कमरे क्षतिग्रस्त हो गए थे। प्रशासन ने प्रभावित




क्षेत्रों पर नजर बनाए रखी है। धौलपुर में लगातार बारिश के बाद चंबल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। नदी का जलस्तर करीब 129 मीटर तक पहुंच गया और आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। पार्वती नदी भी उफान पर है। पार्वती बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की गई। मांगरोल कस्बे में रविवार सुबह बारिश के बीच एक पक्का मकान ढह गया। राहत की बात रही कि घटना के समय मकान खाली था। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश सवाई माधोपुर के खंडार में 102 मिमी दर्ज की गई, जो करीब चार इंच है। करौली, भरतपुर और अलवर के कई इलाकों में तीन इंच तक बारिश हुई। अजमेर, बारां, बूंदी, दौसा, धौलपुर, करौली, टोंक, सीकर, कोटा और भीलवाड़ा सहित कई जिलों में एक से दो इंच तक बारिश दर्ज की गई।

## जहरीली शराब ने ली 11 जानें, 35 की हालत गंभीर

### सागर के चार गांवों में दो दिन में मौतों से हड़कं



**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब पीने से दो दिन में 11 लोगों की मौत की सूचना है। इनमें तीन लोगों ने शनिवार देर रात दम तोड़ा। हालांकि जिला प्रशासन ने अब तक 10 मौतों की पुष्टि की है। करीब 35 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुछ मरीजों के शरीर नीले पड़ने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। बंडा सिविल अस्पताल में शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित गांवों में पहुंचकर लोगों की जांच कर रही हैं।

#### पोस्टमॉर्टम में मिथाइल अल्कोहल के संकेत

कलेक्टर प्रतिभा पाल के मुताबिक मामला नौरोजा और घुघरा खुर्द गांव से जुड़ा है। शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे लोगों के जहरीली शराब पीने के बाद तबीयत बिगड़ने की सूचना प्रशासन को मिली थी।अब तक हुए दो-तीन पोस्टमॉर्टम में मिथाइल अल्कोहल की मौजूदगी के संकेत मिले हैं।

प्रशासन मौतों के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए जांच करा रहा है। एसपी अनुराग सुजानिया के अनुसार प्रारंभिक जांच में शराब की आपूर्ति उत्तर प्रदेश के ललितपुर से होने की बात सामने आई है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ललितपुर में भी शराब सप्लाई के नेटवर्क की पड़ताल कर रही है।

#### आबकारी विभाग के तीन अधिकारी निलंबित

मामले में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सागर की सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे, जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते और बंडा की आबकारी उप निरीक्षक रोशनी उरेते को निलंबित कर दिया है। प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि अवैध शराब की बिक्री और आपूर्ति का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### एसआरसीसी में प्रधानमंत्री के भाषण को बताया राजनीतिक प्रचार

## खरगे का मोदी पर हमला, बोले- युवा रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़ा




**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में दिए भाषण को राजनीतिक प्रचार करार दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं, शिक्षा और उनके भविष्य पर संवाद का अवसर राजनीतिक भाषण में बदल गया। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामियों और जनविरोधी नीतियों से ध्यान हटाने के लिए नए-नए जुमलों का इस्तेमाल कर रही है। खड़गे ने रविवार को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री को युवाओं के सवालों का सामना करना चाहिए था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'आउटरीच' तभी करनी पड़ती है, जब कोई 'आउट ऑफ रीच' हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपना रिपोर्ट कार्ड दिखाया है, लेकिन देश का युवा भी अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर खड़ा है। खड़गे ने प्रधानमंत्री के भाषण में इस्तेमाल किए गए 'नाराज फूफा' और 'दिमागी नक्सल' जैसे शब्दों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जुमले बदलते रहते हैं, लेकिन मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियां नहीं बदलतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं के रोजगार, शिक्षा और भविष्य से जुड़े सवालों का जवाब देने के बजाय सरकार राजनीतिक मुद्दों और आरोप-प्रत्यारोप के जरिए चर्चा को दूसरी दिशा में ले जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 100वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए थे। उन्होंने कॉलेज के छात्रों के बीच करीब 48 मिनट तक भाषण दिया और युवाओं से संवाद किया।

## नए विश्व नक्शे पर भारत की दो टूक, सीमाओं से समझौता नहीं

### संयुक्त राष्ट्र के बराबर क्षेत्रफल दिखाने वाले नक्शे के प्रस्ताव का भारत ने किया समर्थन

**नई दिल्ली।** दुनिया का नक्शा दिखाने के तरीके में प्रस्तावित बदलाव को लेकर भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत का पूरा क्षेत्र उसके आधिकारिक नक्शे के अनुसार ही दिखाया जाना चाहिए। भारतीय क्षेत्र का गलत या भ्रामक चित्रण स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारत ने स्पष्ट किया कि उसकी सीमाएं अटल हैं और उनसे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 सितंबर को दुनिया के नक्शे को देशों और महाद्वीपों के वास्तविक क्षेत्रफल के करीब दिखाने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। भारत ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि प्रस्ताव के समर्थन का अर्थ किसी विशेष नक्शे या नक्शा बनाने की पद्धति को मंजूरी देना नहीं है। भारत की आपत्ति इस बात को लेकर है कि नए नक्शे में उसके क्षेत्र को कहीं गलत या भ्रामक तरीके से प्रदर्शित न किया जाए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित भारत का संपूर्ण संप्रभु क्षेत्र भारत के आधिकारिक नक्शे के अनुरूप ही दिखाया जाना चाहिए। भारत के क्षेत्र का किसी भी प्रकार का गलत चित्रण स्वीकार नहीं किया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव किसी देश की सीमाओं को बदलने या किसी




खास नक्शे को मान्यता देने वाला नहीं है। दुनिया में लंबे समय से मर्केटर प्रक्षेपण वाले नक्शे का व्यापक इस्तेमाल होता रहा है। इसमें पृथ्वी के ध्रुवों के करीब स्थित क्षेत्र अपने वास्तविक आकार से काफी बड़े दिखाई देते हैं। इसके मुकाबले नया समान क्षेत्रफल प्रक्षेपण देशों और महाद्वीपों का क्षेत्रफल अधिक वास्तविक अनुपात में दिखाने की कोशिश करता है। इस बदलाव में अफ्रीका का आकार पहले की तुलना में बड़ा नजर आएगा, जबकि यूरोप और उत्तरी अमेरिका अपेक्षाकृत छोटे दिखाई देंगे। एशिया के कुछ हिस्सों के आकार में भी बदलाव नजर आ सकता है। नए नक्शे से भारत की जमीन, क्षेत्रफल या अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होगा। परिवर्तन केवल पृथ्वी को कागज या स्क्रीन पर प्रदर्शित करने की गणितीय पद्धति में होगा।

**क्षेत्रफल:** वास्तविक क्षेत्रफल में कोई बदलाव नहीं।

**सीमाएं :** भारत की सीमाएं यथावत रहेंगी।

**आकृति :** नक्शे के प्रक्षेपण के कारण भारत की आकृति थोड़ी अलग दिखाई दे सकती है।

**दूसरे देशों से तुलना:** उत्तरी अक्षांशों में स्थित देशों की तुलना में भारत का वास्तविक क्षेत्रफल अपेक्षाकृत बड़ा नजर आ सकता है।

#### अफ्रीका पर सबसे ज्यादा दिखेगा असर

नए प्रक्षेपण का सबसे स्पष्ट प्रभाव अफ्रीका पर दिखाई देगा। मर्केटर नक्शे में ध्रुवों के पास के क्षेत्र बड़े दिखते हैं, जबकि भूमध्य रेखा के आसपास के क्षेत्र अपेक्षाकृत छोटे नजर आते हैं। नए प्रक्षेपण में अफ्रीका अपने वास्तविक क्षेत्रफल के ज्यादा करीब दिखाई देगा।

# अब आर्थिक और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढने़ की जरूरत



**बीकानेर (खबर आस पास)।** खेती अस्थाई हो सकती है,नौकरी की भी सीमा तय होती है। लेकिन व्यापार की कोई सीमा नहीं। अपने घर से शुरू किये गये व्यापार को देश-विदेश तक ऑनलाइन के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है। बशर्त ईमानदारी,मेहतन व लग्न के साथ उस व्यापार को किया जाएं। ये उद्गार जोधपुर में पदस्थापित डीआईजी देवेन्द्र विश्नोई ने राजाराज धारणिया ग्रुप व विश्नोई ग्लोब काउसिंल की ओर से आयोजित विश्नोई बिजनेस समिट के दौरान उपस्थित समाज के गणमान्यों के समक्ष व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से जोधुपर में लगाई जा रही विश्नोई ग्लोबल कर्न्वेसन एवं एक्सपो एक अच्छी पहल है। इससे नये उद्यमियों को अपने व्यापार के लिये एक प्लेटफॉर्म मिलेगा। जिसके तहत नव उद्यमी अपने व्यापार को ऊंचाईयों प्रदान कर पाएंगे। विश्नोई ने नेटवर्किंग, गुणवत्ता, तकनीक और सकारात्मक सोच को व्यवसाय की सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने उद्यमियों को समय के अनुसार तकनीक अपनाने और समाजहित के कार्यों में योगदान देने का संदेश दिया।विश्नोई ग्लोबल काउंसिल के अध्यक्ष एवं युवा उद्यमी रमेश बाबल ने कहा कि वर्तमान समय तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था,तकनीक,डिजिटल व्यापार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का है। ऐसे में समाज को पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर नए व्यवसाय, तकनीक और कौशल से जुडऩा होगा।उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज ने प्‌ शासन, राजनीति,शिक्षा,कृषि,सेना,पर्यावरण । संरक्षण और सामाजिक सेवा सहित कई क्षेत्रों में पहचान बनाई है।अब आर्थिक और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढने़ की जरूरत है।

**नौकरी के साथ बिजनेस और उद्योग पर जोर**

कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए राजाराम धारणिया ने कहा कि समाज के युवाओं को सरकारी नौकरी तक सीमित रहने के बजाय व्यवसाय, उद्योग और उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढऩा चाहिए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि फलोदी के जिला मजिस्ट्रेट जयपाल ज्याणी, संत भागीरथ शास्त्री,एएसपी रामप्रताप गोदारा,रिटायर्ड एएसपी जीवनराम गोदारा,कर्नल गंगाराम धारणिया, बिहारी लाल विश्नोई , डॉ पूजा विश्नोई,भंवरलाल विश्नाई, रामसुख धायल, सुनील मांझू, आरएएस रचना विश्नोई,डॉ अशोक धारणिया, ओमप्रकाश खींचड़, रामजस भादू, भव्यराज धारणिया सहित अनेक वक्ताओं ने कहा कि व्यवसाय में पारदर्शिता जरूरी है। इतना ही नहीं किसी भी प्रकार का व्यवसाय किया जाएं तो जनकल्याण की धारण के साथ किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि जिस भाव से मंदिर जाते है,उसी भाव से व्यापार करना चाहिए। व्यक्ति की सोच और विजन बड़ा होना चाहिए। न की व्यापार छोटा हो या बड़ा। उसको मुकाम तक पहुंचाने के लिये मेहनत की आवश्यकता है। इसमें समाज में व्यापार, उद्योग, स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।समिट में महिलाओं, किसानों और ग्रामीण युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ नई पीढ़ी को उद्यमिता से जोडऩे पर भी जोर दिया गया। समिट में उद्योगपति, व्यापारी, उद्यमी, प्रोफेशनल्स, विद्यार्थी, शिक्षक, महिलाएं और युवा शामिल हुए। इस दौरान सफल उद्योगपतियों और व्यवसायियों ने अपने अनुभव साझा किए।समिट में व्यापार विस्तार, पारिवारिक व्यवसाय, स्टार्टअप, डिजिटल बिजनेस, नेटवर्किंग,निवेश और नई पीढ़ी को उद्यमिता से जोडऩे जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

**25 से 27 दिसम्बर तक जोधपुर में होगा ग्लोबल काउंसिल का कार्यक्रम**

विश्नोई ग्लोबल बिजनेस समिट से जुड़े रामरतन धारणिया ने बताया कि बिश्नोई ग्लोबल काउंसिल का आगामी कार्यक्रम 25 से 27 दिसम्बर 2026 तक जोधपुर के कृषि विवि में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 300 स्टॉल्स लगाई जाएगी। जिसके लिये ऑनलाइन व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कि ये जा रहे है। उन्होंने व्यवसायियों से शिक्षा,प्रशिक्षण और तकनीक के माध्यम से निरंतर ज्ञान बढ़ाने की अपील की। साथ ही कहा कि व्यापार और सेवाओं से पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

**इनका किया गया सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ साथ आरएएस वीरांगना रचना विश्नोई, हुकमाराम विश्नोई, शिवकरण डेलू, शशि धारणिया, सीआई सुशीला विश्नोई, आदर्श विश्नोई, मोखराम धारणिया, रामकिशन डेलू, रामगोपाल विश्नोई, ओमप्रकाश भादू, मांगीलाल मंडा, बनवारी डेलू, जयसुख सहित अनेक जनों का सम्मान किया गया। संचालन महासचिव विश्नोई ग्लोबल काउसिंल ने किया।

## एक रुपया रोज सेवा संस्था ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान, लोगों को लिया मतदान करने की संकल्प




**बीकानेर (खबर आस पास)।** लोकतंत्र को सशक्त बनाने एवं आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक रुपया रोज सेवा संस्था द्वारा आज गंगा थिएटर के पास, पब्लिक पार्क, बीकानेर में मतदाता जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सिकन्दर राठौड़ ने कहा कि 'मेरा वोट, मेरा अधिकार और मेरा भविष्य' केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर समाजसेवी अब्दुल रऊफ राठौड़, बैंक कर्मचारी नेता सुनील दत्त नागल, मंजुलता रावत, चंचल सैन, मनोज कुमार, सैय्यद आफताब, अब्दुल रजाक राठौड़, साजिद हुसैन गौरी, रूप कुंवर रावत एवं पत्रकार सैय्यद अख्तर अली चूड़ीगर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्था के सदस्यों ने बीकानेर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आमजन से संपर्क किया और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करने की शपथ ली और मतदान का संकल्प भी लिया। संस्था की वरिष्ठ सदस्य मंजू लता रावत ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी किए जाएंगे। अंत में संस्था अध्यक्ष सिकन्दर राठौड़ की ओर से सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## दीक्षार्थी बहिन सुमन व भावना का मंगल भावना समारोह आयोजित

**लूणकरणसर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** रविवार को दीक्षार्थी बहिन सुमन बाई एवं भावना के मंगल भावना समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर तेरापंथ भवन से कस्बे के मुख्य मार्गों से वरघोड़ा निकाला गया।

वरघोड़े में ज्ञानशाला के विद्यार्थी, कन्या मंडल, महिला मंडल तथा जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के पदाधिकारी एवं समाज के श्रद्धालु शामिल हुए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जैन समाज में वैराग्य भाव से मुमुक्षु बनना और तत्पश्चात जैन धर्म में दीक्षित होना आत्मकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण सेतु है।

जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष माल चंद नवलखा ने कहा कि दीक्षा का मार्ग त्याग, संयम और आत्मशुद्धि की प्रेरणा देता है।

इस दौरान कालू कस्बे के लोग भी उपस्थित रहे।




## महालक्ष्मी रेसकोर्स में नेत्रदान जागरूकता सेमिनार एवं वॉकाथॉन : तेयुप दक्षिण मुंबई

**मुंबई(खबर आस पास)।** तेरापंथ युवक परिषद दक्षिण मुंबई द्वारा दीदी रोड रनर्स समूह के साथ महालक्ष्मी रेसकोर्स में नेत्रदान जागरूकता सेमिनार एवं वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समूह की मेंटर एवं 8 बार की राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता धाविका लिलीमा अल्फांसो की विशेष उपस्थिति रही।

तेरापंथ युवक परिषद दक्षिण मुंबई अध्यक्ष सुमीत सुराणा ने लगभग 50 सदस्यों को नेत्रदान के महत्व, प्रक्रिया एवं सामाजिक उपयोगिता की जानकारी देते हुए नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक जागरूकता वॉकाथॉन में सहभागिता करते हुए नेत्रदान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अणुव्रत क्षेत्रीय दक्षिण मुंबई संयोजक एवं दीदी रोड रनर्स सदस्य नरेंद्र मुनोत सहित रेलवे विभाग एवं विभिन्न सरकारी सेवाओं से जुड़े अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। तेरापंथ युवक परिषद दक्षिण मुंबई के मंत्री श्रेयांस मुनोत भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी साझा की।

## निकाय चुनाव में बुजुर्ग व दिव्यांगों को बूथ पर जाकर वोट देना होगा, घर पर वोटिंग सुविधा नहीं मिलेगी, पर्चियों भी नहीं आएगी

**बीकानेर (खबर आस पास)।** स्थानीय निकाय चुनाव में बीकानेर के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोट देने के लिए बूथ तक जाना होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तरह घर पर मतदान कराने की सुविधा नहीं दी है। साथ ही मतदाताओं के घर निर्वाचन आयोग की ओर से वोट की पर्ची भी नहीं पहुंचेगी। ऐसे में प्रत्याशी अपने स्तर पर पर्चियां बांट रहे हैं और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी भी खुद संभाल रहे हैं।

### लोकसभा की तरह घर पर नहीं होगी वोटिंग

अगर किसी घर में बुजुर्ग या दिव्यांग मतदाता है तो परिवार को उन्हें बूथ तक लेकर जाना पड़ेगा। स्थानीय निकाय चुनाव में घर पर पोलिंग की सुविधा नहीं मिलेगी। बीकानेर में पिछले लोकसभा चुनाव में घर-घर वोटिंग हुई थी। इसके लिए बाकायदा एक टीम मतदाता के घर पहुंचती थी और बुजुर्ग व्यक्ति का वोट पूरी गोपनीयता के साथ लिया जाता था। इस बार भी कई परिवारों को उम्मीद थी कि उनके घर पर वोट लेने के लिए दल आएगा, लेकिन ऐसा नहीं होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव में इस तरह की कोई सुविधा नहीं दी है। ऐसे में बुजुर्ग या दिव्यांग मतदाता को भी जैसे-तैसे बूथ पर ले जाकर ही वोटिंग करानी होगी।

### पर्ची भी प्रत्याशी ही देंगे

लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदाता के घर पर निर्वाचन आयोग की ओर से भी वोट की पर्ची पहुंचती थी। स्थानीय निकाय चुनाव में ऐसा नहीं होगा। इस बार आयोग की तरफ से वोट की पर्ची नहीं भेजी जा रही है। ऐसे में प्रत्याशियों को ही घर-घर जाकर चुनाव की पर्ची पहुंचानी पड़ेगी। कांग्रेस, भाजपा सहित निर्दलीय उम्मीदवार भी अपने स्तर पर पर्चियां तैयार करके मतदाताओं को वितरित कर रहे हैं।

### वोटिंग बढ़ाने के प्रयासों का असर नहीं

वार्ड स्तर पर होने वाले चुनाव में वैसे भी वोटिंग ज्यादा होती है। इसी वजह से स्थानीय स्तर पर मतदान बढ़ाने के लिए इस बार खास प्रचार-प्रसार नजर नहीं आ रहा है। जिला प्रशासन की ओर से कुछ औपचारिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। संवाद जैसे कार्यक्रम भी हुए हैं, लेकिन लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तरह मतदान बढ़ाने के प्रयास नहीं हो रहे हैं।

### एक-एक वोटर को बूथ तक लाने में जुटे प्रत्याशी

स्थानीय निकाय चुनाव में हर वार्ड में करीब चार से आठ हजार तक ही वोट हैं। ऐसे में प्रत्याशी खुद ही एक-एक वोटर को मतदान केंद्र तक लाने के काम में जुटे हुए हैं। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की सुविधा नहीं होने से उन्हें भी बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी परिवार और प्रत्याशियों पर ही रहेगी।



## बाल भक्तों ने भगवान गजानन का किया अभिषेक

**बीकानेर ( खबर आस पास )।** दाऊजी रोड स्थित श्री आदि गणेश मंदिर में रविवार से गणेश पूजन महोत्सव का आगाज हुआ। महोत्सव के पहले दिन बाल भक्तों ने भगवान गणेश का दूध, दही, घी, केशर, चीनी, शहद चंदन,गुलाब जल,पंचामृत आदि से अभिषेक किया। पंडित सुनील व्यास और विजय श्रीमाली ने मंत्रोच्चारण के साथ लम्बोदर का अभिषेक-पूजन करवाया।श्री आदि गणेश भक्त मंडल के अध्यक्ष अविनाश चन्द्र व्यास के अनुसार 11 सितम्बर को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक गणेश जी व षोडशमातृकाओं की पूजा यज्ञ के यजमान कराएंगे। तत्पश्चात 12 सितम्बर को ' गणेश -लक्ष्मी स्त्रोत' के 11000 पाठ का गायन नगाड़ों के वादन में सभी पंडितजन व भक्त सभी मिलकर करेंगे। 13 सितम्बर को आचार्य पंडित राजेन्द्र किराड़ू पूर्ण विधि-विधान पूर्वक पाठ कराएंगे। इसी दिन शाम को 108 अथर्व शीर्ष से भगवान गणपति जी को मोदकार्चन किया जाएगा। व्यास ने बताया कि 13 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे यज्ञ के यजमान पूजन करेंगे। पंडित राजेन्द्र किराड़ू के आचार्यत्व में महायज्ञ में आहुतियां दी जाएगी। 14 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर सुबह 4.30 बजे से अभिषेक-पूजन प्रारम्भ होगा। इसके बाद जन्मोत्सव आरती व रात्रिकालीन जागरण होगा।जन्मोत्सव आरती दोपहर 12 बजे होगी। इस अवसर पर भगवान गणेश के 2151 किलोग्राम प्रसाद का भोग अर्पित किया जाएगा।जागरण में भक्त मंडल के अशोक बांठिया,राजेन्द्र व्यास,मनोज के बिस्सा,रामसा व्यास, सोमदत्त पुरोहित आदि भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।



## नोखा केन्द्र की मासिक बैठक में नए सदस्य जुड़े

**( खबर आस पास ) नोखा।** महावीर इंटरनेशनल, नोखा केन्द्र की मासिक बैठक सेवा केन्द्र भवन में केन्द्र चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार हीरावत की अध्यक्षता में हुई। सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना से मीटिंग का शुभारंभ हुआ। केन्द्र सचिव बाबूलाल कांकरिया ने गत बैठक की कारवाई का वाचन किया तथा सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार हीरावत ने अगस्त महीने की सेवा गतिविधियों व स्थापना दिवस समारोह पर आयोजित स्नेह भोज की जानकारी दी। केन्द्र के कोषाध्यक्ष रामेश्वरलाल छींपा ने सदस्यों द्वारा विशेष सहयोग, पिछले माह की सेवा गतिविधियों में हुए खर्च की जानकारीव सदस्यता फीस का विवरण प्रस्तुत किया। सरोज मरोठी, जगदीश डागा का स्प्रिंग बेड व सेनेटरी नेपकिन मशीन उपलब्ध करवाने के लिए सदन द्वारा आभार व्यक्त किया गया।कैलाश पारीक ने दो नए स्प्रिंग बेड भेंट करने की घोषणा की।पूर्व गवर्निंग काउंसिल मेम्बर और संस्था के ट्रस्टी वीर डॉ मधु प्रकाश तिवाड़ी ने आठ नए सदस्यों को शपथ दिलवाई तथा अन्तरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने नए सदस्यों के लेपल पिन व सदस्यता प्रमाणपत्र भेंट किए। जगदीश प्रसाद डागा और सरोज मरोठी द्वारा उपलब्ध करवाए गए एक-एक स्प्रिंग बेड केन्द्र को सुपुर्द किए गए। अंत में अध्यक्ष की अनुमति से राष्ट्रगान के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग में ईश्वर चन्द दूगड़, मनोज कुमार राठी, भंवरलाल पींचा, भंवरलाल छींपा सहित केंद्र सदस्य उपस्थित थे।